हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





वंदे भारत में बिलासपुर से नागपुर जाने और आने का किराया एक सामान नहीं, इसलिए वापसी में सीटें खाली

## सीसी कोच में 100 सीट हर दिन खाली

वंदे भारत एक्सप्रेस पहले 16 कोच के साथ चलती थी, लेकिन यात्री कम होने से अब यह ट्रेन 8 कोच के साथ चलती है। बिलासपुर से नागपुर के बीच सीसी कोच में 380 से अधिक सीट है, वहीं ईसी कोच में 36 सीटे हैं। प्रतिदिन सीसी कोच में बिलासपुर से नागपुर के बीच 380 में 180 सीट ही भर पाती है। 150 से अधिक सीटें हर दिन खाली रहती हैं। इसके अलावा 36 ईसी कोच में केवल 15 सीट में यात्री बैठे नजर आते हैं।

- वंदे भारत की जितनी आय नहीं उससे अधिक चलाने में हो रहा रेलवे का खर्च
- वंदे भारत से अधिक जोन की प्रीमियम ट्रेनों की कमाई

# घाटे में वंदे भारत, दो साल में खर्च 40 करोड़, कमाई आधी, फायदे की पटरी पर हमसफर और राजधानी

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

बिलासपुर और नागपुर के बीच चलने वाली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस दो साल बाद भी कमाई के मामले में पीछे चल रही है। इस ट्रेन के मेंटेनेंस और चलाने में जितना खर्च हो रहा है, उससे अधिक रेलवे को घाटा होने लगा है। केंद्र सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के कारण नुकसान के बाद भी इसे चलाया जा रहा है। हाईटेक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन को अब भी यात्री नहीं मिल रहे हैं। वंदे भारत ▶▶| शेष पेज 4 पर

अलग खबर



### दो साल में 40 करोड़ खर्च और 25 करोड़ कुल आय

रेलवे के जानकारों के मुताबिक बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत को चलाने का खर्च दो साल में लगभग 40 करोड़ है, लेकिन इस ट्रेन से रेलवे को कुल आय लगभग 25 करोड़ ही हुई है। त्योहार के सीजन में ही वंदे भारत में यात्री अधिक मिलते हैं। सामान्य दिनों 60 प्रतिशत सीटें ही भर पा रही हैं। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नागपुर से बिलासपुर का किराया 200 महंगा

वंदे भारत एक्सप्रेस में नागपुर से बिलासपुर तक सीटें अधिक खाली रहती हैं। इसका मुख्य कारण यह भी है कि वंदे भारत में जाने और आने का किराया एक सामान नहीं है। सीसी कोच में बिलासपुर से नागपुर का किराया जहां 1075 है, तो वहीं नागपुर से बिलासपुर आने के लिए इसी कोच में यात्रियों को 1240 किराया देना पड़ता है। 165 रुपए अधिक देना पड़ता है। ऑनलाइन टिकट खरीदने पर 200 रुपए तक टिकट महंगा हो जाता है। ईसी कोच में 30 रुपए नागपुर से अधिक है।




INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

गुजरात 199/4 Vs पंजाब 200/7

पंजाब किंग्स तीन विकेट से जीता

शुभमन गिल-89 रन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई Vs हैदराबाद

शाम-7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ के 36 वर्षीय कांस्टेबल ने पश्चिम विहार मेट्रो स्टेशन पर अपनी सर्विस



राइफल से गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर हुई। जवान सहारे किशोर सामराव का शव 'एक्स-रे बैगेज स्कैनर' के पास से बरामद किया गया। कांस्टेबल 2014 में सीआईएसएफ में भर्ती हुआ था। और 2022 में उसे सीआईएसएफ में तैनात किया गया था।

### भारतीय नौसेना ने नौ जलदस्यु मुंबई पुलिस को सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह पूर्वी सोमालिया में एक अभियान के



दौरान पकड़े गए नौ समुद्री डाकुओं को मुंबई पुलिस के सुपुर्द दिया है। आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस सुमेधा ने 29 मार्च को समुद्र में अभियान चलाया और मछली पकड़ने की नौका अल कंबर तथा चालक दल के 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया। इस अभियान में समुद्री डकैती में शामिल सभी नौ लोगों को पकड़ लिया गया।

### सोरेन के कथित स्वामित्व वाले भूखंड कुर्क

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ के भूखंड को कुर्क किया है। ईडी ने 30



मार्च को झामुमो नेता सोरेन तथा चार अन्य भानु प्रताप प्रसाद, राज कुमार पहान, हिलारियास कच्छप और विनोद सिंह- के खिलाफ यहां विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। अदालत ने बृहस्पतिवार को अभियोजन की इस शिकायत का संज्ञान लिया।

## हाईकोर्ट में अपील खारिज, निचली अदालत का फैसला बरकरार

# जग्गी हत्याकांड के 28 दोषी जाएंगे जेल, इनमें याहया के साथ पूर्व सीएसपी और थानेदार भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में मामले की सुनवाई के बाद 29 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा था, जिसके बाद आज 4 अप्रैल 2024 को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। यह भी ध्यान रहे कि मामले में सभी दोषी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। अब सभी को फिर से जेल जाना पड़ेगा।

खास खबर

हाईकोर्ट के फैसले के बाद रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा कि भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता की आत्मा और जग्गी परिवार को सुकून मिला है। सतीश जग्गी ने कहा कि अभी यह पूरा न्याय नहीं है। अमित जोगी को सजा दिलवाने तक कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। ज्ञात हो कि 4 जून 2003 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पूरा मामला रायपुर के मौदहापारा थाना ▶▶| शेष पेज 4 पर

*21 साल पहले रायपुर में हुए रामावतार जग्गी मर्डर केस में हाईकोर्ट का फैसला आ गया है। हाईकोर्ट ने सभी 28 दोषियों की अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत के आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में तत्कालीन सीएसपी, एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा याहया ढेबर और शूटर चिमन सिंह शामिल हैं। दोषियों को एक हफ्ते में निचली अदालत में सरेंडर करना होगा।*

- फैसले के बाद बेटे सतीश जग्गी ने कहा भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं
- मामले में कुल 31 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था
- इस फैसले से अमित जोगी की बढ़ सकती हैपरेशानी

### 4 जून 2003 को रायपुर के मौदहापारा इलाके में गोली मारकर की गई थी हत्या



#### हत्या से पहले होनी थी बड़ी रैली

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ अलग राज्य बना तब विधानसभा में कांग्रेस का बहुमत था। कांग्रेस की ओर से सीएम पद की रेस में विद्याचरण शुक्ल का नाम सबसे आगे चल रहा था, लेकिन आलाकमान ने अचानक अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बना दिया। इस वजह से पहले से नाराज चल रहे विद्याचरण शुक्ल पार्टी में अपनी अनदेखी से और ज्यादा नाराज हो गए। नवंबर 2003 में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही उन्होंने कांग्रेस छोड़कर एनसीपी ज्वाइन कर ली थी। एनसीपी के बढ़ते दायरे से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होने का डर सताने लगा। जग्गी की हत्या से कुछ दिन पहले ही एनसीपी की बड़ी रैली भी होने वाली थी, जिसमें शरद पवार समेत पार्टी के कई बड़े नेता आने वाले थे।

#### इनकी अपील हुई खारिज

हाईकोर्ट ने अभय गोयल, याहया ढेबर, तत्कालीन टीआई वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, तत्कालीन सीएसपी अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदोरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा (मृत), विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर की अपील खारिज कर दी गई है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने उनकी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है।

#### अमित के खिलाफ मामला लंबित

ज्ञात हो कि इस मामले में जांच कर रही एजेंसियों ने अमित जोगी को पहले मुख्य साजिशकर्ता बताया था। अमित जोगी को बरी करने के खिलाफ रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने हाईकोर्ट में अपील भी की हुई है। यह मामला फिलहाल पेंडिंग है। इस अपील के खिलाफ अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। हालांकि अब इस हाईकोर्ट के ताजा फैसले से अमित जोगी की परेशानी बढ़ सकती है। हाईकोर्ट में रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी की अमित जोगी की दोषमुक्ति के खिलाफ पेश क्रिमिनल अपील पर उनके अधिवक्ता बीपी शर्मा ने तर्क दिया है कि हत्याकांड की साजिश तत्कालीन राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित थी। जब सीबीआई की जांच शुरू हुई तब सरकार के प्रभाव में सारे सबूतों को मिटा दिया गया था। ऐसे केस में सबूत अहम नहीं हैं, बल्कि षड्यंत्र का पर्दाफाश जरूरी है। लिहाजा, इस केस के आरोपियों को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त नहीं किया जा सकता।

### तीन सीटों पर 52 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

# राजनांदगांव में 244 ने खरीदा था फार्म, मैदान पर उतरे सिर्फ 23!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा सीटों में नामांकन दाखिल करने की अंतिम दिन तक कुल 52 प्रत्याशियों ने 95 नामांकन दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 8 अप्रैल है। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक राजनांदगांव लोकसभा की स्थिति रोचक रही। यहां कुल 244 से अधिक लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा था। इनमें से अंतिम समय तक केवल 23 लोगों ने ही नामांकन दाखिल किया। महासमुंद में 19 और कांकेर लोकसभा में 10 लोगों के नामांकन पत्र ▶▶| शेष पेज 4 पर

- कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा सीटों में 26 अप्रैल को मतदान

### कुल 244 ने खरीदे थे नामांकन फार्म

राजनांदगांव लोकसभा सीट से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 23 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि 244 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया था। राजनांदगांव लोकसभा सीट दूसरे चरण के मतदान की हाईप्रोफाइल सीट है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख से पहले 210 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिया था। 210 नामांकन पत्र लेने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### चुनाव मैदान पर हैं ये दिग्गज

दूसरे चरण में राजनांदगांव लोकसभा काफी चर्चा में यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पूर्व सांसद अशोक पांडेय से हैं। वहीं कांकेर लोकसभा में भाजपा के भोजराज नाग का मुकाबला कांग्रेस के बीरेश ठाकुर से होगा। महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस से ताम्रध्वज साहू और भाजपा से रूप कुमारी चौधरी चुनाव मैदान में हैं।

# एक्शन में एसीबी, एसडीओ को दबोचा, रिश्वत के साथ पटवारी भी फंसा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/छुईखदान

आईपीएस अमरेश मिश्रा के एसीबी चीफ बनने के बाद ब्यूरो ने गुरुवार को एक ही दिन तीन बड़ी कार्रवाई की। छुईखदान में एसीबी ने पीएचई दफ्तर में दबिश देकर एसडीओ राजेश मरावे को ठेकेदार से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सूरजपुर में भी रिश्वत के साथ एक पटवारी को दबोचा गया है। इधर, शराब घोटाले की जांच के दौरान पूर्व अफसर अरविंद और कारोबारी अनवर ढेबर को भी एसीबी ने हिरासत में ले लिया।

- आईपीएस अमरेश मिश्रा के एसीबी चीफ बनने के बाद एक ही दिन में तीन कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो के करीब दर्जनभर अफसरों की टीम गुरूवार दोपहर 12 बजे के आसपास छुईखदान पीएचई के दफ्तर पहुंची। बताया जाता है कि ठेकेदार प्रवीण तिवारी ने एसीबी से शिकायत की थी कि नल-जल योजना के निर्माण कामों के बिल भुगतान को लेकर एसडीओ द्वारा लगातार रिश्वत मांगी जा रही है। एसीबी ने कार्रवाई के लिए ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बिल भुगतान के लिए मांगे थे पैसे

ठेकेदार प्रवीण तिवारी ने बताया कि अमगांव घाट में उसे नल-जल योजना के तहत 62 लाख रुपए का ठेका मिला है। निर्माण काम की एवज में पिछले तीन-चार माह से उसे भुगतान नहीं किया जा रहा था। 17 लाख रुपए के रनिंग बिल का भुगतान होना था, लेकिन एसडीओ राजेश मरावे द्वारा डेढ़ लाख रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। लगातार परेशान किए जाने के बाद ठेकेदार ने एंटी करप्शन ब्यूरो में इसकी शिकायत की थी।

### पांच वाहनों में पहुंचे अफसर

रिश्वतखोरी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एसीबी की टीम सुबह चार से पांच वाहनों में छुईखदान पहुंची थी। वाहनों को अलग-अलग स्थानों में खड़ा कर दिया गया था। सभी अफसर दफ्तर के आसपास ही सक्रिय थे। जैसे ही ठेकेदार ने रिश्वत दी, अफसरों ने वहां पहुंचकर रंगे हाथों एसडीओ को गिरफ्तार कर लिया।

### फार्म-1,2 और 4 उपलब्ध

# पोर्टल पर फार्म, चार दिन में 23 हजार रिटर्न दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है।




### एक अप्रैल से ई-फाइलिंग

सीबीडीटी ने कहा, आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्म आईटीआर-1, आईटीआर-2 और आईटीआर-4 करदाताओं के लिए अपना रिटर्न दाखिल करने के लिए एक अप्रैल, 2024 से ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध हैं। कंपनियां भी आईटीआर दाखिल कर सकती हैं।

# सीएम साय बोले- भाजपा सरकार में सांय-सांय काम, कांग्रेस टांय-टांय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बिरकोना में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार व अपराध का गढ़ बना दिया था, इसलिए प्रदेश ▶▶| शेष पेज 4 पर

- बेलतरा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन, कांग्रेस पर सीएम ने बोला हमला




### सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने वाला सांसद रहा- साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि 2019 के चुनाव में आप सबके आशीर्वाद से मुझे भारी बहुमत से सांसद जिताए रहे और आपका यह सांसद छत्तीसगढ़ में लोकसभा में सबसे ज्यादा प्रश्न पूछने क्षेत्र का मुद्दा उठाने वाला सांसद रहा। उसी तरह इस लोकसभा चुनाव में तोखन साहू को जिताकर दिल्ली भेजना है।

### मोदी गारंटी पर हो रहा काम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि भाजपा सरकार में सारा काम सांय-सांय हो रहा है, जिससे कांग्रेस का टांय-टांय हो रहा है। मोदी गारंटी का काम 18 लाख गरीबों का आवास, 12 लाख किसानों को दो साल बकाया बोनस, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान और 3100 रुपए कीमत तथा हर माह के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### परीक्षार्थियों के नाम और रोल नंबर के साथ उनके पालकों को किया जा रहा कॉल

# मैं शिक्षा मंडल से बोल रहा हूं, आपकी बेटी गणित में फेल हो गई है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हैलो भैया, मैं माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से बोल रहा हूं। आपकी बेटी का नाम..., जिसका रोल नंबर....है। जो मार्च महीने में कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा दिलाई है। वह गणित विषय में फेल हो गई है। अगर उसे पास कराना है तो 5 हजार रुपए देना पड़ेगा, आप सहमत हैं तो फोनपे नंबर भेजेंगे ताकि राशि को आप आसानी से हम तक भेज सकेंगे और आपकी बेटी को हम पास कर देंगे। दरअसल उक्त बात फोन पर हुई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि सरोकार

### पास कराने मांगे 4 हजार

एक अन्य मामले में लता साहू ने बताया कि मेरे बेटे ने 10 वीं की बोर्ड परीक्षा दिलाया है। इस संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम से एक कॉल आया था, जिनके द्वारा बताया गया कि आपके बेटे का नंबर दो विषय में कम है। उन्हें पास कराने के लिए उनके द्वारा 4 हजार रूपये की मांग की गईं, लेकिन मुझे संदेह हुआ और उस संदर्भ में मैंने पति को जानकारी दी।

*पास कराने के नाम पर फोन पे के माध्यम से मांगी जा रही रकम*



### बड़ा सवाल, विद्यार्थियों के दस्तावेज लीक कैसे

जिस ठग गिरोह ने धोखाधड़ी करने इस नए फार्मूला को अपनाया उससे साफ जाहिर होता है कि परीक्षार्थियों के दस्तावेज लीक हुआ है। क्योंकि ठग गिरोह ने परीक्षार्थी का बकायदा रोल नम्बर व माता पिता सहित गांव का नाम आसानी से बता दिया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि परीक्षार्थियों के दस्तावेज लीक हुए हैं।

### सभी फर्जी कॉल हैं...

इस मामले की जानकारी आपके माध्यम से मुझे मिली है। हालांकि माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्रेस विज्ञप्ति जारी हो चुकी है कि इस तरह के झांसे में न आएं, ये सभी फर्जी कॉल हैं।

**-पीसी मरकले**
जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद

### फर्जी कॉल पर यकीन न करें

फर्जी कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी की जा रही है। इसलिए इंस्टाग्राम, वाट्सअप, फेसबुक के साथ ही फर्जी कॉल को अनदेखी कर व्यक्तिगत जानकारी साझा ना करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षा को लेकर जो ठगी के लिए कॉल आ रहे हैं, उन पर यकीन न करें।

**-एसआर भगत,** पुलिस अधीक्षक

# युवक ने 'बॉडी बनाने' के लिए निगले 39 सिक्के और 37 चुंबक

नई दिल्ली। जिंक एक आवश्यक खनिज है, जो कोशिकाओं के विकास, शरीर को ठीक करने और एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करने में मदद करता है। इसके लिए आमतौर पर लोग जिंक से भरपूर खाद्य पदार्थ या सप्लीमेंट्स लेते हैं। इसी धारणा के शिकार एक युवक ने कई सिक्के और चुंबक निगल लिए। उसे लगा कि इन मिलने वाला जिंक 'बॉडी बनाने' में मदद करेगा। डॉक्टरों ने कहा कि मरीज के पेट से 1, 2 और 5 रुपये के कुल 39 सिक्के और अलग-अलग आकार की 37 चुंबक मिली।

### उल्टी-पेट दर्द के बाद लाया गया अस्पताल

दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के डॉक्टरों ने सर्जरी करके 26 वर्षीय व्यक्ति के पेट से 39 सिक्के और 37 चुंबक निकालें। यह घटना तब सामने आई जब मरीज 20 दिनों से अधिक समय से बार-बार उल्टी और पेट दर्द की समस्या के कारण अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में आया।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com